Website : www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.com

# इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०
# Allahabad State University, Allahabad, U.P.

## इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

सं०: इ०रा०वि०वि० / कु०स०का० / 172 / 2016 दिनांक 19.11.2016

### अल्पकालिक निविदा सूचना

विश्वविद्यालय की सत्र 2016–17 की सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षाओं के प्रयोगार्थ विभिन्न कार्यों / आपूर्ति हेतु सक्षम फर्मों से पृथक–पृथक सील बन्द निविदायें निम्नवत् विवरणानुसार अपरान्ह 3.00 तक वित्त अधिकारी कार्यालय कक्ष में रखे टेण्डर बॉक्स में आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा का विवरण | अन्तिम तिथि |
|---|---|
| (क) कागज सहित उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण एवं आपूर्ति | 09.12.2016 |
| (ख) ओ०एम०आर० उत्तर एवं उपस्थिति प्रत्रकों का मुद्रण एवं आपूर्ति | 08.12.2016 |
| (ग) विभिन्न प्रकार के वाहनों को किराये पर उपलब्ध कराया जाना। | 07.12.2016 |
| (घ) परीक्षा सम्बन्धी विभिन्न प्रपत्रों एवं लिफाफों का मुद्रण एवं आपूर्ति | 06.12.2016 |

प्रत्येक निविदा से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. alldstateuniversity.org पर उपलब्ध हैं। समस्त पूर्ण निविदा प्रपत्र निविदाओं के सम्मुख अंकित अंतिम तिथि तक टेण्डर बाक्स में डालना है। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04.00 बजे वित्त अधिकारी कार्यालय कक्ष में खोली जायेंगी। (कुलसचिव)

(संजय कुमार)
कुल सचिव

संदर्भ सं.: इ०रा०वि०वि० / कु०स०का० / 172 / 2016 दिनांकः 19 नवम्बर, 2016

**प्रतिलिपि** : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, को इस आशय से कि उक्त विज्ञापन को अपने दैनिक समाचार पत्र में संस्करण में न्यूनतम आकार ( ) में प्रकाशित करते हुए विज्ञापन की मूल प्रति के साथ बिल दो प्रतियों में प्रस्तुत करने का कष्ट करे।
2. वित्त अधिकारी, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।
3. उपकुलसचिव को इस निर्देश के साथ कि वह उक्त विज्ञापन को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड तथा सूचना बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।

(संजय कुमार)
कुल सचिव

www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.com

# इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०

# Allahabad State University, Allahabad, U.P.

पत्रांकः इ०रा०वि०वि० / कु०स०का० / 172 / 2016, दिनांक 19 नवम्बर, 2016

निविदा प्रपत्र मूल्य– 1000 / –रू0

## (क) ''कागज सहित उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण एवं आपूर्ति''

## निविदा सूचना

विश्वविद्यालय की सत्र 2016–17 की सेमेस्टर एवं वार्षिक परीक्षाओं के प्रयोगार्थ विभिन्न कार्यों / आपूर्ति हेतु सक्षम फर्मों से पृथक–पृथक सील बन्द निविदायें निम्नवत् विवरणानुसार अपरान्ह 3.00 तक वित्त अधिकारी कार्यालय कक्ष में रखे टेण्डर बॉक्स में आमंत्रित की जाती हैं।

| निविदा का विवरण | अन्तिम तिथि |
|---|---|
| (क) कागज सहित उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण एवं आपूर्ति | 09.12.2016 |
| (ख) ओ0एम0आर0 उत्तर एवं उपस्थिति प्रत्रकों का मुद्रण एवं आपूर्ति | 08.12.2016 |
| (ग) विभिन्न प्रकार के वाहनों को किराये पर उपलब्ध कराया जाना। | 07.12.2016 |
| (घ) परीक्षा सम्बन्धी विभिन्न प्रपत्रों एवं लिफाफों का मुद्रण एवं आपूर्ति | 06.12.2016 |

प्रत्येक निविदा से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. alldstateuniversity.org पर उपलब्ध हैं। समस्त पूर्ण निविदा प्रपत्र निविदाओं के सम्मुख अंकित अंतिम तिथि तक टेण्डर बाक्स में डालना है। निविदाएं उसी दिन अपरान्ह 04.00 बजे वित्त अधिकारी कार्यालय कक्ष में खोली जायेंगी।

## निविदा सम्बन्धी नियम एवं शर्तेंः–

1. निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड करते हुए पर रू0 1000 / – (रू0 एक हजार मात्र) का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो कि वित्त अधिकारी, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के पक्ष में देय हो, संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
2. विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत प्रारूप पर ही तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड को अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में रखते हुए एक बड़े लिफाफे में बन्द कर उत्तर पुस्तिका निर्माण हेतु निविदा तथा फर्म का नाम अंकित करते हुए निविदा बाक्स में डाला जाना है।
3. निविदा प्रेषित करने हेतु बड़े लिफाफे पर **''कागज सहित उत्तर पुस्तिका निर्माण हेतु निविदा''** अवश्य अंकित किया जाए। उक्त बड़े लिफाफे के अन्दर टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड पृथक–पृथक रूप से छोटे लिफाफे के अन्दर (जिस पर टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड क्रमशः लिखा जाना अनिवार्य होगा) रखते हुए टेण्डर बाक्स में डाली जायेंगी।
4. निविदा का मुहर बन्द लिफाफा वित्त अधिकारी के कार्यालय कक्ष के टेण्डर बॉक्स में दिनांक 09.12. 2016 को अपरान्ह 03:00 बजे तक ही जमा किया जाएगा। टेक्निकल बिड उसी दिन अपरान्ह 04:00 बजे सी0पी0आई0 छात्रावास परिसर, प्रशासनिक भवन स्थित वित्त अधिकारी के कार्यालय कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी।

# इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०

# Allahabad State University, Allahabad, U.P.



5. उत्तर पुस्तिका (आवरण सहित कुल 32 पृष्ठ) ऑफसेट प्रिंटिंग द्वारा मुद्रित होगी। उत्तर पुस्तिका के प्रथम दो पृष्ठ (ओ0एम0आर0 शीट) तथा अन्तिम दो पृष्ठ, कुल चार आवरण पृष्ठ 100 जी0एस0एम0 पेपर पर मुद्रित होंगें। अन्दर के 28 पृष्ठ 57 जी0एस0एम0 क्रीम वोव पेपर पर मुद्रित होंगे। उत्तर पुस्तिका की माप 22 सेमी0X 28 सेमी0 होगी।
6. उपर्युक्त किसी भी शर्त का उल्लंधन होने की दशा में अथवा निविदा में माँगे गये किसी भी प्रपत्र के अभाव में निविदा स्वतः निरस्त समझी जायेगी।
7. उत्तर पुस्तिका के निर्माण में प्रयुक्त होने वाले कागज की विशिष्टताएं निम्नानुसार होंगी–

| क्रमांक | उत्तर पुस्तिका का विवरण | प्रयुक्त होने वाले कागज की विशिष्टिताए एवं मानक |
|---|---|---|
| 1. | आवरण पृष्ठ– कुल 4 पृष्ठ | मैपलीथो पेपर, 100 जी0एस0एम0, 100 प्रतिशत वर्जिन पल्प से निर्माण करने वाली मिलों जैसे– सेन्चुरी/ओरिएन्ट तथा पेपर मिल के वाटर मार्क सहित। |
| 2. | अन्दर के 28 पृष्ठ | क्रीम वोव पेपर, 57 जी0एस0एम0, 100 प्रतिशत वर्जिन पल्प से निर्माण करने वाली मिलों जैसे– सेन्चुरी/ओरिएन्ट तथा पेपर मिल के वाटर मार्क सहित। |

8. कागज की विशिष्टता का स्पष्ट उल्लेख फर्म/निर्माता कम्पनी के नाम सहित किया जाना आवश्यक है।
9. निविदा प्रपत्र के साथ मुद्रित किए जाने वाले उत्तर पुस्तिका में प्रयुक्त होने वाले कागज के नमूने की तीन–तीन प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है, जिस पर मिल का नाम, वजन तथा दरें उल्लिखित हों एवं फर्म के अधिकृत विक्रेता के हस्ताक्षर हो।
10. उत्तर पुस्तिका के निर्माण में आवरण पृष्ठ (प्रथम व अन्तिम) के प्रारूपानुसार मुद्रण के अतिरिक्त अन्दर के 28 पृष्ठ ऑफसेट प्रिंटिंग द्वारा रूलिंग एवम् मार्जिन, माइको लाइनिंग सहित, कुल 32 पृष्ठ की उत्तर पुस्तिका का मुद्रण होगा। उत्तर पुस्तिका में बाई ओर ऊपर से नीचे मजबूत धागे से सिलाई होगी। आवरण पृष्ठ दो रंगों में मुद्रित होगा।
11. उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर पृष्ठ संख्या (क्रमांक 01 से 28 तक) आवरण पत्रों के पृष्ठों को छोड़कर मुद्रण करना होगा।
12. प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के बायें कोने के ऊपरी भाग पर ASU का परफोरेशन (Perforation) (छिद्रण) अनिवार्य होगा।
13. कुल 12 लाख उत्तर पुस्तिकाएं (32 पृष्ठ) मुद्रित होनी है। प्रत्येक उत्तर पुस्तिका के कवर पृष्ठ (ओ0एम0आर0 शीट) के शीर्ष भाग पर आटोमेटिक मशीन द्वारा स्पष्ट नम्बर डाले (ऑनलाईन प्रिंटिंग)

जायेंगे। नम्बरिंग में पेनीट्रेटिंग सिक्योरिटी इंक (Penetrating Security Ink) का प्रयोग किया जायेगा।

14. उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति 50 की संख्या के श्रिंक (SHRINK) पैकिंग में की जायेगी तथा 50 की संख्या के 10 पैकेट अर्थात् 500 उत्तर पुस्तिकाओं को एक मजबूत पैकिंग में रखा जायेगा। प्रत्येक बॉक्स/ प्लास्टिक टाटपट्टी के ऊपर लगी हुई स्लिप पर पैकेट नम्बर व उत्तर पुस्तिकाओं की नम्बरिंग (जो उत्तर पुस्तिका पर दी गई है) का विवरण अंकित होगा।
15. निविदा के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का रूपये 2,00,000/- (रू0 दो लाख मात्र) का बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 धरोहर धनराशि (अर्नेस्ट मनी) के रूप में वित्त अधिकारी, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के पक्ष में देय, संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
16. कुल कार्य–मूल्य के 10 प्रतिशत के समतुल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट सुरक्षा धनराशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा जो संतोषजनक कार्य के उपरान्त फर्म को वापस कर दी जायेगी।
17. निविदा प्रपत्र के साथ आफसेट मशीन सहित प्रयोग में लायी जाने वाली समस्त अन्य मशीनों/उपकरणो का विवरण, जो उत्तर पुस्तिका के मुद्रण/निर्माण कार्य के लिए अनिवार्य हो, को अंकित करते हुए उक्त मशीनों/उपकरणों की उपलब्धता का लिखित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। समस्त प्रमाण पत्र उसी फर्म के नाम व पते के होने चाहिए जो फर्म निविदा में प्रतिभाग कर रही है।
18. फर्म को यू0पी0 वैट (टिन नं0)/सीएसटी/पैन नं0/टैन नं0 आदि का प्रमाण पत्र भी निविदा के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
19. केवल वे ही फर्म निविदा देने हेतु अर्ह होंगी, जिन्हें विश्वविद्यालय/बोर्ड/समकक्ष संस्थाओं को उत्तर पुस्तिकाओं के निर्माण कार्य एवं संतोषजनक आपूर्ति करने का अनुभव प्राप्त हो। इस आशय का प्रमाण, निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
20. जिस फर्म की दरें स्वीकृत होगी उसे विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी के साथ एक अनुबन्ध भी करना होगा जो निविदा के नियम व शर्तों पर आधारित होगा।
21. निविदादाता फर्म का वार्षिक टर्न–ओवर विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष रूपये पचहत्तर लाख का प्रमाण–पत्र निविदा के तकनीकी बिड के साथ संलग्न करना होगा, जो चार्टेड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित हो। ऑडिटेड बैलेंस शीट भी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। चार्टेड एकाउन्टेंट की विभागीय पंजीकरण संख्या अवश्य अंकित हो।
22. उत्तर पुस्तिकाओं के निर्माण करने के पश्चात् निर्मित उत्तर पुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय गोदाम तक पहॅचाने की जिम्मेदारी तथा लोडिंग/अनलोडिंग पर होने वाले समस्त व्यय फर्म को ही वहन करना होगा।
23. उत्तर पुस्तिका निर्मित करने वाली फर्म 30 दिनों के अन्दर सम्पूर्ण रूप से निर्मित उत्तर पुस्तिकाओं को विश्वविद्यालय के परीक्षा भण्डार में उपलब्ध कराना होगा।

24. विश्वविद्यालय को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दे। अपूर्ण निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।
25. वित्तीय बिड में केवल दरों का उल्लेख किया जाये। उल्लिखित दरों में उत्तर पुस्तिका के निर्माण में आने वाले समस्त व्यय यथा कागज क्रय पर व्यय, मुद्रण पर व्यय एवं समस्त कर तथा अन्य समस्त अनुषांगिक व्यय शामिल होंगे।
26. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में विश्वविद्यालय के कुलपति का निर्णय अन्तिम होगा एवं उभयपक्षों के लिए बाध्यकारी होगा।
27. निविदादाता फर्म को स्टैम्प पेपर रू0 100/- पर गुणवत्तापूर्वक एवं गैर सिद्ध दोष प्रमाण देना होगा।
28. विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये आपूर्ति आदेश को निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार न करने/आदेशित सामग्रियों को समय पर आपूर्ति न करने पर अन्य फर्म से मुद्रण कराये जाने पर धरोहर धनराशि जब्त करने/रू0 5000/- प्रतिदिन की दर से कटौती करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।
29. निविदा की दरें संविदा तिथि से 01 वर्ष के लिए मान्य होगी। निर्धारित तिथि के अन्दर अनुबन्ध प्रपत्र न करने पर धरोहर धनराशि जब्त कर अन्य फर्म से मुद्रण की कार्यवाही की जाएगी।
30. निविदादाता की ओर से प्रस्तुत सशर्त निविदा मान्य नही होगी।
31. विश्वविद्यालय कार्य की आवश्यकता एवं सुविधानुसार मुद्रण/आपूर्ति एक अथवा एक से अधिक फर्मों को न्यूनतम दर पर दे सकता है।
32. संविदा अवधि में द्वितीय/आगामी मुद्रण में कम्पाजिंग/डिजाइनिंग/स्कैनिंग आदि का व्यय देय नहीं होगा।

दिनांक :

फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

फर्म का नाम एवं पूरा पताः-

कुलसचिव

# इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०
# Allahabad State University, Allahabad, U.P.

(5)

(क) ''कागज सहित उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण एवं आपूर्ति''

निविदा–प्रपत्र (तकनीकी बिड)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम : | |
| 2 | फर्म के स्वामी का नाम : | |
| 3 | फर्म का पूरा पता एवं दूरभाष संख्या : | |
| 4 | स्वयं के स्वामित्व का मुद्रण इकाई पंजीकरण संख्या (प्रमाणित प्रति संलग्न करें) : | |
| 5 | यू0पी0 वैट (टिन) / सीएसटी नं0 (छायाप्रति संलग्न करें) : | |
| 6 | टैन / पैन नं0 (छायाप्रति संलग्न करें) : | |
| 7 | संलग्न किए जाने वाले प्रपत्र : | |
| | (क) टेण्डर शुल्क (रू0 1000 / –) का विवरण : | |
| | (ख) राष्ट्रीयकृत बैंक के बैंक ड्राफ्ट / एफ0डी0 के रूप में संलग्न धरोहर धनराशि (अर्नेस्ट मनी) का विवरण (रू0 2,00,000 / –) : | डिमाण्ड ड्राफ्ट सं0– दि0–<br>बैंक का नाम– |
| | (ग) उत्तर पुस्तिकाओं के निर्माण में प्रयुक्त की जाने वाली मशीनों का विवरण : | |
| | (घ) गोदाम का विवरण (माप सहित) एवं सम्बन्धित प्रमाणित प्रपत्र : | |
| | (ङ) फर्म के वार्षिक टर्न–ओवर रू0 पचहत्तर लाख से सम्बन्धित चार्टर्ड एकाउण्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रपत्र : | |
| | (च) उत्तर पुस्तिका मुद्रण के अनुभव सम्बन्धी प्रमाण–पत्रों का विवरण : | |
| | (छ) प्रयुक्त होने वाले कागज के नमूने का विवरण : | |
| | (ज) रू0 100 / – के स्टाम्प पेपर पर गुणवत्तापूर्वक कार्य करने की वचनबद्धता एवं गैर सिद्ध दोष प्रमाण–पत्र। | |

विश्वविद्यालय द्वारा उक्त निविदा की समस्त शर्तें मुझे स्वीकार हैं एवं उक्त सभी शर्तों पर मैं निविदा में उल्लिखित सामग्री (उत्तर पुस्तिकाएं) की आपूर्ति करने को तैयार हूँ।

तिथि : ..........................

सलग्नक : कुल पृष्ठों की संख्या : ..............................

फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
फर्म का नाम एवं पूरा पता:–
दूरभाष नं0–
मोबाइल नं0–

कुलसचिव

osite : www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.com

# इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०
# Allahabad State University, Allahabad, U.P.



(क) ''कागज सहित उत्तर पुस्तिकाओं का मुद्रण एवं आपूर्ति''

## निविदा–प्रपत्र (वित्तीय बिड)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम | : | |
| 2 | फर्म के स्वामी का नाम | : | |
| 3 | फर्म का पूरा पता एवं दूरभाष संख्या | : | |
| 4 | फर्म की रजिस्ट्रेशन संख्या | : | |
| 5 | यू0पी0 वैट (टिन)/सीएसटी नं0 | : | |
| 6 | टैन/पैन नं0 | : | |

## उत्तरपुस्तिका निर्माण एवं आपूर्ति हेतु दरें (प्रति उत्तर पुस्तिका)

| मिल के वाटर मार्क सहित, 100 जी0एस0एम0 एवं 57 जी0एस0एम0, 100 प्रतिशत वर्जिन बॉस/लकड़ी से निर्माण करने वाली मिलों जैसे– | मात्रा | कुल 32 पृष्ठ (आवरण पृष्ठ 100 जी0एस0एम0 एवं अन्दर के 28 पृष्ठ 57 जी0एस0एम0 पर) (दर रू0 मतें प्रति उत्तर पुस्तिका) |
|---|---|---|
| 1. सेन्चुरी। | 12 लाख | अंकों में रू0 ..........<br>शब्दों में रू0 .......... |
| 2. ओरिएन्ट पेपर। | 12 लाख | अंकों में रू0 ..........<br>शब्दों में रू0 .......... |

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने निविदा के नियम शर्तें पढ़ ली हैं, तद्नुसार दरें अंकित कर रहा हूँ।

नोट : वित्तीय बिड के साथ किसी भी प्रकार का प्रपत्र संलग्न न किया जाय केवल दरें ही अंकित की जाएं।

तिथि : ..........

..........

निविदादाता के हस्ताक्षर

व नाम ..........

(फर्म की मोहर के साथ)

पताः सी०पी०आई० परिसर, महात्मा गाँधी रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद (उ०प्र०), फोनः 0532–2256207
Address : C.P.I. Campus. Mahatma Gandhi Road, Civil Lines, Allahabad (U.P.) Ph. 0532-2256207